# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक भास्कर | 1.9.22 | 2 | 5-6 |


# कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में एचएयू के सात विद्यार्थियों का हुआ चयन

## लिखित परीक्षा, ऑनलाइन इंटरव्यू व इंटरव्यू की प्रक्रिया अपनाई

भास्कर न्यूज | हिसार

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के सात विद्यार्थियों का कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय कंपनियों में चयन हुआ है। विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण निदेशालय के अंतर्गत छात्र परामर्श एवं नियोजन इकाई ने इस कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया था।

छात्र कल्याण निदेशक डॉ. अतुल ढींगड़ा ने बताया कि विद्यार्थियों के चयन के लिए कंपनियों ने लिखित परीक्षा, ऑनलाइन इंटरव्यू व व्यक्तिगत इंटरव्यू की प्रक्रिया अपनाई थी। प्लेसमेंट ड्राइव में विश्वविद्यालय के एमबीए के छात्र गोविंद का विश्व प्रसिद्ध लुइस ड्रेफुस कंपनी (एलडीसी) में 8.05 लाख प्रति वर्ष के पैकेज के साथ जूनियर अग्रोनोमिस्ट के पद पर, एमबीए के छात्र दीपक कुमार, मोहित और मंदीप का देश की अग्रणी शुगर कंपनी मवाना शुगर लिमिटेड में 3.5-4 लाख प्रति वर्ष पैकेज के साथ एग्रीकल्चरल ट्रेनी के पद पर चयन हुआ है। इसी प्रकार प्लांट पैथोलॉजी विभाग के एमएससी के छात्र अंकित मेहता और एमबीए के छात्र रोहित धनखड़ का महिंद्रा एग्री सोलुसन्स में क्रमशः 5 लाख व 6 लाख प्रति वर्ष के पैकेज के साथ चयन हुआ है।



एचएयू की कैंपस प्लेसमेंट में चयनित विद्यार्थी कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज व अन्य।

इसके अलावा प्लांट पैथोलॉजी विभाग की एमएससी की छात्रा दीपक कुमारी का 3.66 लाख प्रति वर्ष पैकेज के साथ राष्ट्रीय स्तर पर अनुसंधान क्षेत्र में कार्यरत क्यू एण्ड क्यू रिसर्च कंपनी में एग्जीक्यूटिव रिसर्च (ट्रेनी) के पद पर चयन हुआ है। एचएयू के वीसी प्रो. बी.आर. काम्बोज ने इस उपलब्धि पर विद्यार्थियों को बधाई दी।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अजीत समाचार | 1.9.22 | 5 | 5-7 |

# कैंपस प्लेसमेंट में हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के 7 विद्यार्थियों का कंपनियों में चयन

हिसार, 31 अगस्त (विरेंद्र वर्मा) : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के सात विद्यार्थियों का कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय कंपनियों में चयन हुआ है। इस कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण निदेशालय के अंतर्गत छात्र परामर्श एवं नियोजन इकाई द्वारा किया गया था।



कैंपस प्लेसमेंट में चयनित विद्यार्थी कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज व अन्य अधिकारियों के साथ।

छात्र कल्याण निदेशक डॉ. अतुल ढींगड़ा ने बताया कि विद्यार्थियों के चयन के लिए कंपनियों की ओर से लिखित परीक्षा, ऑन-लाइन इंटरव्यू व व्यक्तिगत इंटरव्यू की प्रक्रिया अपनाई गई थी। उन्होंने बताया प्लेसमेंट ड्राइव में विश्वविद्यालय के एमबीए के छात्र गोविंद का विश्व प्रसिद्ध लुइस ड्रैफुस कंपनी (एलडीसी) में 8.05 लाख प्रति वर्ष के पैकेज के साथ जूनियर अग्रोनोमिस्ट के पद पर, एमबीए के ही छात्र दीपक कुमार, मोहित और मंदीप का देश की अग्रणी शुगर कंपनी मवाना शुगर लिमिटेड में 3.5-4 लाख प्रति वर्ष पैकेज के साथ एग्रीकल्चरल ट्रेनी के पद पर चयन हुआ है।

इसी प्रकार प्लांट पैथोलॉजी विभाग के एमएससी के छात्र अक्षित मेहता और एमबीए के छात्र रोहित धनखड़ का महिंद्रा एग्री सोलुसन्स में क्रमशः 5 लाख व 6 लाख प्रति वर्ष के पैकेज के साथ चयन हुआ है। इसके अलावा प्लांट पैथोलॉजी विभाग की एमएससी की छात्रा दीपक कुमारी का 3.66 लाख प्रति वर्ष पैकेज के साथ राष्ट्रीय स्तर पर अनुसंधान क्षेत्र में कार्यरत क्यू एण्ड क्यू रिसर्च कंपनी में एग्जीक्यूटिव रिसर्च (ट्रेनी) के पद पर चयन हुआ है। चयनित हुए इन विद्यार्थियों ने अपनी सफलता का श्रेय विश्वविद्यालय के कुलपति की दूरगामी सोच, यहां के अनुकूल शैक्षणिक वातावरण, लाइब्रेरी जैसी मूलभूत सुविधाओं व प्राध्यापकों से मिले मार्गदर्शन को दिया है।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने इस उपलब्धि पर इन विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य कामना की तथा उन्हें जीवन में सफलता पाने के लिए ईमानदारी से कार्य करने और निरंतर मेहनत करते रहने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर उपस्थित कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. एस.के. पाहुजा, अंतर्राष्ट्रीय मामलों की प्रभारी डॉ. आशा क्वात्रा तथा काउंसलिंग व प्लेसमेंट सेल के प्रभारी व सह निदेशक छात्र कल्याण डॉ. अनिल कुमार ढाका ने भी चयनित विद्यार्थियों को इस सफलता पर बधाई दी।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हरि. भूमि | 1.9.22 | 10 | 5-8 |

# हकृवि के सात विद्यार्थियों चयनित

- प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण निदेशालय के अंतर्गत छात्र परामर्श एवं नियोजन इकाई ने किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार



हिसार। कैंपस प्लेसमेंट में चयनित विद्यार्थी कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज व अन्य अधिकारियों के साथ।

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के सात विद्यार्थियों का कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय कंपनियों में चयन हुआ है। इस कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण निदेशालय के अंतर्गत छात्र परामर्श एवं नियोजन इकाई द्वारा किया गया था।

छात्र कल्याण निदेशक डॉ. अतुल ढींगड़ा ने बताया कि विद्यार्थियों के चयन के लिए कंपनियों की ओर से लिखित परीक्षा, ऑन-लाइन इंटरव्यू व व्यक्तिगत इंटरव्यू की प्रक्रिया अपनाई गई थी। उन्होंने बताया प्लेसमेंट ड्राइव में विश्वविद्यालय के एमबीए के छात्र गोविंद का विश्व प्रसिद्ध लुइस ड्रैरफुस कंपनी (एलडीसी) में 8.05 लाख प्रति वर्ष के पैकेज के साथ जूनियर अग्रोनोमिस्ट के पद पर, एमबीए के ही छात्र दीपक कुमार, मोहित और मंदीप का देश की अग्रणी शुगर कंपनी मंवाना शुगर लिमिटेड में 3.5-4 लाख प्रति वर्ष पैकेज के साथ एग्रीकल्चरल ट्रेनी के पद पर चयन हुआ है। इसी प्रकार प्लांट पैथोलॉजी विभाग के एमएससी के छात्र अक्षित मेहता और एमबीए के छात्र रोहित धनखड़ का महिंद्रा एग्री सोलुसन्स में क्रमशः 5 लाख व 6 लाख प्रति वर्ष के पैकेज के साथ चयन हुआ है। इसके अलावा प्लांट पैथोलॉजी विभाग की एमएससी की छात्रा दीपक कुमारी का 3.66 लाख प्रति वर्ष पैकेज के साथ राष्ट्रीय स्तर पर अनुसंधान क्षेत्र में कार्यरत क्यू एण्ड क्यू रिसर्च कंपनी में एग्जीक्यूटिव रिसर्च (ट्रेनी) के पद पर चयन हुआ है।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक जागरण | 1.9.22 | 2 | 5-6 |

# कैंपस प्लेसमेंट में हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के सात विद्यार्थियों का कंपनियों में चयन

जागरण संवाददाता, हिसार: चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के सात विद्यार्थियों का कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय कंपनियों में चयन हुआ है। इस कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण निदेशालय के अंतर्गत छात्र परामर्श एवं नियोजन इकाई द्वारा किया गया था।

छात्र कल्याण निदेशक डा. अतुल ढींगड़ा ने बताया कि विद्यार्थियों के चयन के लिए कंपनियों की ओर से लिखित परीक्षा, ऑन-लाइन इंटरव्यू व व्यक्तिगत इंटरव्यू की प्रक्रिया अपनाई गई थी। उन्होंने बताया प्लेसमेंट ड्राइव में विश्वविद्यालय के एमबीए के छात्र गोविंद का विश्व प्रसिद्ध लुइस ड्रैफुस कंपनी (एलडीसी) में 8.05 लाख प्रति वर्ष के पैकेज के साथ जूनियर अग्रोनोमिस्ट के पद पर, एमबीए के ही छात्र दीपक कुमार, मोहित और मंदीप का शुगर कंपनी मवाना शुगर लिमिटेड में 3.5-4 लाख प्रति वर्ष पैकेज के साथ एग्रीकल्चरल ट्रेनी के पद पर चयन हुआ है। पैथोलाजी विभाग के एमएससी के छात्र अक्षित मेहता और एमबीए के छात्र रोहित धनखड़ का महिंद्रा एग्री सोलुसन्स में क्रमशः 5 लाख व 6 लाख प्रति वर्ष के पैकेज के साथ चयन हुआ है। छात्रा दीपक कुमारी का रिसर्च कंपनी में एग्जीक्यूटिव रिसर्च (ट्रेनी) के पद पर चयन हुआ है।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| नभ छोर | 31.8.2022 | -- | -- |

# हकृवि के 7 विद्यार्थियों की हुई प्लेसमैंट



हिसार/ 31 अगस्त/ रिपोर्टर

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के सात विद्यार्थियों का कैंपस प्लेसमैंट ड्राइव में राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय कंपनियों में चयन हुआ है। इस प्लेसमैंट ड्राइव का आयोजन विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण निदेशालय के अंतर्गत छात्र परामर्श एवं नियोजन इकाई द्वारा किया गया था। छात्र कल्याण निदेशक डॉ. अतुल ढींगड़ा ने बताया कि विद्यार्थियों के चयन के लिए कंपनियों की ओर से लिखित परीक्षा, ऑनलाइन इंटरव्यू व व्यक्तिगत इंटरव्यू की प्रक्रिया अपनाई गई थी। उन्होंने बताया प्लेसमैंट ड्राइव में विश्वविद्यालय के एमबीए के छात्र गोविंद का लुइस ड्रैफुस कंपनी (एलडीसी) में 8.05 लाख रुपए प्रति वर्ष के पैकेज के साथ जूनियर एग्रोनॉमिस्ट के पद पर, एमबीए के ही छात्र दीपक कुमार, मोहित और मंदीप का मवाना शुगर लिमिटेड में 3.5-4 लाख रुपए प्रति वर्ष पैकेज के साथ एग्रीकल्चरल ट्रेनी के पद पर चयन हुआ है। इसी प्रकार प्लांट पैथोलॉजी विभाग के एमएससी के छात्र अक्षित मेहता और एमबीए के छात्र रोहित धनखड़ का महिंद्रा एग्री सोल्युशन्स में क्रमशः 5 लाख व 6 लाख रुपए प्रति वर्ष के पैकेज के साथ चयन हुआ है। इसके अलावा प्लांट पैथोलॉजी विभाग की एमएससी की छात्रा दीपक कुमारी का 3.66 लाख रुपए प्रति वर्ष पैकेज के साथ राष्ट्रीय स्तर पर अनुसंधान क्षेत्र में कार्यरत क्यू एण्ड क्यू रिसर्च कंपनी में एग्जीक्यूटिव रिसर्च (ट्रेनी) के पद पर चयन हुआ है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने विद्यार्थियों के उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर डॉ. एसके पाहुजा, डॉ. आशा क्वात्रा, डॉ. अनिल कुमार ढाका ने चयनित विद्यार्थियों को बधाई दी।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हिन्दुस्थान समाचार | 31.8.2022 | -- | -- |

## हिसारः एचएयू के सात विद्यार्थियों का कैंपस प्लेसमेंट से कंपनियों में चयन

31 Aug 2022 18:42:03




कुलपति ने दी चयनित विद्यार्थियों को बधाई

हिसार, 31 अगस्त (हि.स.)। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के सात विद्यार्थियों का कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय कंपनियों में चयन हुआ है। इस कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण निदेशालय के अंतर्गत छात्र परामर्श एवं नियोजन इकाई द्वारा किया गया। छात्र कल्याण निदेशक डॉ. अतुल ढींगड़ा ने बुधवार को बताया कि विद्यार्थियों के चयन के लिए कंपनियों की ओर से लिखित परीक्षा, ऑनलाइन इंटरव्यू व व्यक्तिगत इंटरव्यू की प्रक्रिया अपनाई गई थी।

उन्होंने बताया प्लेसमेंट ड्राइव में विश्वविद्यालय के एमबीए के छात्र गोविंद का विश्व प्रसिद्ध सुजुका ट्रेडिंग कंपनी (एसबीसी) में 8.05 लाख प्रति वर्ष के पैकेज के साथ जूनियर अग्रोनोमिस्ट के पद पर, एमबीए के ही छात्र दीपक कुमार, मोहित और संदीप का देश की अग्रणी शुगर कंपनी अवध शुगर लिमिटेड में 3.5-4 लाख प्रति वर्ष पैकेज के साथ एग्रीकल्चरल ट्रेनी के पद पर चयन हुआ है। इसी प्रकार प्लांट पैथोलॉजी विभाग के एमएससी के छात्र अभिन मेहता और एमबीए के छात्र रोहित धनखड़ का अद्विता ग्लोबल सॉल्यूशन्स में क्रमशः पांच लाख व छह लाख प्रति वर्ष के पैकेज के साथ चयन हुआ है।

इसके अलावा प्लांट पैथोलॉजी विभाग की एमएससी की छात्रा दीपक कुमारी का 3.66 लाख प्रति वर्ष पैकेज के साथ राष्ट्रीय स्तर पर अनुसंधान क्षेत्र में कार्यरत न्यू एज न्यू रिसर्च कंपनी में एग्जीक्यूटिव रिसर्च (ट्रेनी) के पद पर चयन हुआ है। चयनित हुए इन विद्यार्थियों ने अपनी सफलता का श्रेय विश्वविद्यालय के कुलपति की दूरगामी सोच, यहां के अनुकूल शैक्षणिक वातावरण, लाइब्रेरी जैसी मूलभूत सुविधाओं व प्राध्यापकों से मिले मार्गदर्शन को दिया है।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने इस उपलब्धि पर इन विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा उन्हें जीवन में सफलता पाने के लिए ईमानदारी से कार्य करने और निरंतर मेहनत करते रहने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर उपस्थित कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. एसके पाहुजा, अंतरराष्ट्रीय मामलों की प्रभारी डॉ. आशा क्वात्रा तथा काउंसलिंग व प्लेसमेंट सेल के प्रभारी व सह निदेशक छात्र कल्याण डॉ. अनिल कुमार ढाका ने भी चयनित विद्यार्थियों को इस सफलता पर बधाई दी।

हिन्दुस्थान समाचार/राजेश्वर/संजीव

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| आज समाज | 01.9.2022 | -- | -- |


# कैंपस प्लेसमेंट में हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के 7 विद्यार्थी हुए कंपनियों में चयनित

प्रवीन कुमार

हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के सात विद्यार्थियों का कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय कंपनियों में चयन हुआ है। इस कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण निदेशालय के अंतर्गत छात्र परामर्श एवं नियोजन इकाई द्वारा किया गया था।

छात्र कल्याण निदेशक डॉ. अतुल ढींगड़ा ने बताया कि विद्यार्थियों के चयन के लिए कंपनियों की ओर से लिखित परीक्षा, ऑन-लाइन इंटरव्यू व व्यक्तिगत इंटरव्यू की प्रक्रिया अपनाई गई थी। उन्होंने बताया प्लेसमेंट ड्राइव में विश्वविद्यालय के एमबीए के छात्र गोविंद का विश्व प्रसिद्ध लुइस ड्रेफुस कंपनी (एलडीसी) में 8.05 लाख प्रति वर्ष के पैकेज के साथ जूनियर अग्रोनोमिस्ट के पद पर, एमबीए के ही छात्र दीपक कुमार, मोहित और मंदीप का देश की अग्रणी शुगर कंपनी मवाना शुगर लिमिटेड में 3.5-4 लाख प्रति वर्ष पैकेज के साथ एग्रीकल्चरल ट्रेनी के पद पर चयन हुआ है। इसी प्रकार प्लांट पैथोलॉजी विभाग के एमएससी के छात्र अंकित मेहता और एमबीए के छात्र रोहित धनखड़ का महिंद्रा एग्री सोलुसन्स में क्रमशः 5 लाख व 6 लाख प्रति वर्ष के पैकेज के साथ चयन हुआ है। इसके अलावा प्लांट पैथोलॉजी विभाग की एमएससी की छात्रा दीपक कुमारी का 3.66 लाख प्रति वर्ष पैकेज के साथ राष्ट्रीय स्तर पर अनुसंधान क्षेत्र में कार्यरत क्यू एण्ड क्यू रिसर्च कंपनी में एग्जीक्यूटिव रिसर्च (ट्रेनी) के पद पर चयन हुआ है। चयनित हुए इन विद्यार्थियों ने अपनी सफलता का श्रेय विश्वविद्यालय के कुलपति की दूरगामी सोच, यहां के अनुकूल शैक्षणिक वातावरण, लाइब्रेरी जैसी मूलभूत सुविधाओं व प्राध्यापकों से मिले मार्गदर्शन को दिया है।



कैंपस प्लेसमेंट में चयनित विद्यार्थी कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज व अन्य अधिकारियों के साथ

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने इस उपलब्धि पर इन विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य कामना की तथा उन्हें जीवन में सफलता पाने के लिए ईमानदारी से कार्य करने और निरंतर मेहनत करते रहने के लिए प्रेरित किया।

इस अवसर पर उपस्थित कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. एस.के. पाहुजा, अंतर्राष्ट्रीय मामलों की प्रभारी डॉ. आशा क्वात्रा तथा काउंसलिंग व प्लेसमेंट सेल के प्रभारी व सह निदेशक छात्र कल्याण डॉ. अनिल कुमार ढाका ने भी चयनित विद्यार्थियों को इस सफलता पर बधाई दी।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| चिराग टाइम्स | 31.8.2022 | -- | -- |

# हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के 7 विद्यार्थियों का कंपनियों में चयन

चिराग टाइम्स न्यूज



**हिसार।** हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के सात विद्यार्थियों का कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय कंपनियों में चयन हुआ है। इस कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण निदेशालय के अंतर्गत छात्र परामर्श एवं नियोजन इकाई द्वारा किया गया था।

छात्र कल्याण निदेशक डॉ. अतुल ढींगड़ा ने बताया कि विद्यार्थियों के चयन के लिए कंपनियों की ओर से लिखित परीक्षा, ऑन-लाइन इंटरव्यू व व्यक्तिगत इंटरव्यू की प्रक्रिया अपनाई गई थी। उन्होंने बताया प्लेसमेंट ड्राइव में विश्वविद्यालय के एमबीए के छात्र गोविंद का विश्व प्रसिद्ध लुइस ड्रेफुस कंपनी (एलडीसी) में 8.05 लाख प्रति वर्ष के पैकेज के साथ जूनियर अग्रोनॉमिस्ट के पद पर, एमबीए के ही छात्र दीपक कुमार, मोहित और मंदीप का देश की अग्रणी शुगर कंपनी मवाना शुगर लिमिटेड में 3.5-4 लाख प्रति वर्ष पैकेज के साथ एग्रीकल्चरल ट्रेनी के पद पर चयन हुआ है। इसी प्रकार प्लांट पैथोलॉजी विभाग के एमएससी के छात्र अक्षित मेहता और एमबीए के छात्र रोहित धनखड़ का महिंद्रा एग्री सोलुसन्स में क्रमशः 5 लाख व 6 लाख प्रति वर्ष के पैकेज के साथ चयन हुआ है। इसके अलावा प्लांट पैथोलॉजी विभाग की एमएससी की छात्रा दीपक कुमारी का 3.66 लाख प्रति वर्ष पैकेज के साथ राष्ट्रीय स्तर पर अनुसंधान क्षेत्र में कार्यरत क्यू एण्ड क्यू रिसर्च कंपनी में एग्जीक्यूटिव रिसर्च (ट्रेनी) के पद पर चयन हुआ है। चयनित हुए इन विद्यार्थियों ने अपनी सफलता का श्रेय विश्वविद्यालय के कुलपति की दूरगामी सोच, यहां के अनुकूल शैक्षणिक वातावरण, लाइब्रेरी जैसी मूलभूत सुविधाओं व प्राध्यापकों से मिले मार्गदर्शन को दिया है।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने इस उपलब्धि पर इन विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य कामना की तथा उन्हें जीवन में सफलता पाने के लिए ईमानदारी से कार्य करने और निरंतर मेहनत करते रहने के लिए प्रेरित किया।

इस अवसर पर उपस्थित कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. एस.के. पाहुजा, अंतर्राष्ट्रीय मामलों की प्रभारी डॉ. आशा क्वात्रा तथा काउंसलिंग व प्लेसमेंट सेल के प्रभारी व सह निदेशक छात्र कल्याण डॉ. अनिल कुमार ढाका ने भी चयनित विद्यार्थियों को इस सफलता पर बधाई दी।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| समस्त हरियाणा | 31.8.2022 | -- | -- |

## हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के सात विद्यार्थियों का कंपनियों में चयन

समस्त हरियाणा न्यूज

हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के सात विद्यार्थियों का कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय कंपनियों में चयन हुआ है। इस कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण निदेशालय के अंतर्गत छात्र परामर्श एवं नियोजन इकाई द्वारा किया गया था। छात्र कल्याण निदेशक डॉ. अतुल ढींगड़ा ने बताया कि विद्यार्थियों के चयन के लिए कंपनियों की ओर से लिखित परीक्षा, ऑन-लाइन इंटरव्यू व व्यक्तिगत इंटरव्यू की प्रक्रिया अपनाई गई थी। उन्होंने बताया प्लेसमेंट ड्राइव में विश्वविद्यालय के एमबीए के छात्र गोविंद का विश्व प्रसिद्ध शुगर ट्रेडर्स कंपनी (एलडीसी) में 8.05 लाख प्रति वर्ष के पैकेज के साथ जूनियर अग्रोमेरिट के पद पर, एमबीए के ही छात्र दीपक कुमार, मोहित और संदीप का देश की अग्रणी शुगर कंपनी मवाना शुगर लिमिटेड में 3.5-4 लाख प्रति वर्ष पैकेज के साथ एग्रीकल्चरल ट्रेनी के पद पर चयन हुआ है। इसी प्रकार प्लांट पैथोलॉजी विभाग के एमएससी के छात्र अंकित मेहता और एमबीए के छात्र रोहित धनखड़ का महिंद्रा एग्री सॉल्यूशन्स में क्रमश: 5 लाख व 6 लाख प्रति वर्ष के पैकेज के साथ चयन हुआ है। इसके अलावा प्लांट पैथोलॉजी विभाग की एमएससी की छात्रा दीपक कुमारी का 3.66 लाख प्रति वर्ष पैकेज के साथ राष्ट्रीय स्तर पर अनुसंधान क्षेत्र में कार्यरत क्यू एण्ड क्यू रिसर्च कंपनी में एग्जीक्यूटिव रिसर्च (ट्रेनी) के पद पर चयन हुआ है। चयनित हुए इन विद्यार्थियों ने अपनी सफलता का श्रेय विश्वविद्यालय के कुलपति की दूरगामी सोच, यहां के अनुकूल शैक्षणिक वातावरण, लाइब्रेरी जैसी मूलभूत सुविधाओं व प्राध्यापकों से मिले मार्गदर्शन को दिया है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने इस उपलब्धि पर इन विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा उन्हें जीवन में सफलता पाने के लिए ईमानदारी से कार्य करने और निरंतर मेहनत करते रहने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर उपस्थित कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. एस.के. पाहुजा, अंतर्राष्ट्रीय मामलों की प्रभारी डॉ. आशा क्वात्रा तथा काउंसलिंग व प्लेसमेंट सैल के प्रभारी व सह निदेशक छात्र कल्याण डॉ. अनिल कुमार ढाका ने भी चयनित विद्यार्थियों को इस सफलता पर बधाई दी।



# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक भास्कर | 1.9.22 | 5 | 6-8 |

# गाजर घास से 40% तक घट सकती है पैदावार, किसान एलर्जी, बुखार, दमा से हो सकते हैं ग्रस्त

## एचएयू के वैज्ञानिक गाजर घास के नुकसान के खिलाफ कर रहे जागरूक

भास्कर न्यूज़ | हिसार

गाजर घास फसलों के साथ इंसानों के स्वास्थ्य पर भी बुरा प्रभाव डालती है। इस बारे में हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के वैज्ञानिक लगातार गाजर घास के प्रति किसानों को जागरूक कर रहे हैं। साथ ही, निशुल्क पंपलेट, बुकलेट का वितरण किया जा रहा है। कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. एसके पाहुजा ने कहा कि गाजर घास से फसल की पैदावार में 40 प्रतिशत तक कमी हो जाती है। इसलिए समय रहते समन्वित प्रबंधन से इस खरपतवार पर नियंत्रण पाने की आवश्यकता है। सस्य विज्ञान विभाग के अध्यक्ष डॉ. एसके ठकराल ने कहा कि इस घातक शाक के संपर्क में आने से मनुष्यों में एग्जिमा, एलर्जी, बुखार, दमा जैसी बीमारियां हो जाती हैं। एचएयू के कुलपति प्रोफेसर बीआर काम्बोज ने बताया कि गाजर घास के बारे में टीमें बनाकर जागरूक कराया जा रहा है।

### वर्ष 1995 में अमेरिका से भारत आया था यह खरपतवार



अखिल भारतीय खरपतवार अनुसंधान परियोजना हिसार केन्द्र के मुख्य अन्वेषक, डॉ. टोडरमल पूनियां ने बताया कि इस पौधे का प्रवेश हमारे देश में अमेरिका से आयात होने वाले गेहूं के साथ साल 1955 में हुआ था। अब यह पौधा संभवत देश के हर हिस्से में मौजूद है। लगभग 35 मिलियन हेक्टेयर क्षेत्रफल में फैल चुका है। जब यह शाक एक स्थान पर जम जाती है, तो अपने आसपास किसी अन्य पौधे को जमने नहीं देती है, जिसके कारण अनेकों महत्वपूर्ण जड़ी-बूटियों और चरागाहों के नष्ट होने की संभावना पैदा हो गई है।